प्रकाशनार्थ

04 मार्च, 2025 गोरखपुर

गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में थैलेसीमिया, ए प्लास्टिक एनीमिया, कैंसर जैसे लोगों को रक्त कि आपुर्ति के लिए एक रक्त शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

आभासी रूप से उपस्थित ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया और बताया कि उन रोगियों को जिन्हे रक्त की बार-बार आवश्यकता पड़ती है। ऐसे रोगियों को इन्ही रक्तदाताओं के द्वारा ही ब्लड बैंक इनकी मदद् करता है।

ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. ममता जायसवाल ने सभी रक्तदाताओं के प्रति अपनी कृमज्ञता व्यक्त किया तथा बताया कि ऐसे कार्यक्रम जनमानस में रक्तदान के प्रति जागरूकता एवं समाज में भ्रांतियों को दूर करने के लिए आयोजित किये जाते हैं।

गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निदेशक कर्नल डॉ. हिमाशु दिक्षित जी ने रक्तदान के बारे में बताते हुए कहा कि रक्त का दान आपके लिए कुछ मिनट का मतलब है लेकिन किसी और के लिए यह जीवन काल है।

आज के रक्तदान शिविर में उपेन्द्र, राजा बाबु, विजय यादव, विनोद, आदित्य गोयल के साथ लगभग 21 लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में ब्लड बैंक अधिकारी,टेक्निशियन एवं कर्मचारीयों का महत्वपुर्ण योगदान रहा।